1	2	3	4
16	Sashi Gas	Jaipur	4455
17	Mohan Gas	Do.	5039
18	Anand Gas	Do.	3378
19	Ashish Gas	Do.	4294
20	Mahalaxmi Gas	Do.	3517
21	Khandelwal Gas	Do.	3331
22	K.S. Enterprises	Do.	1359
23	Saraswati Gas	Sanganner	427
24	Agarwal Gas	Chomu	2368
25	Ambika Gas	Jaipur	1816
26	Kankaria Gas	Do.	8762
27	Parwali Gas	Do.	6569
28	Rajdhani Gas	Do.	2580
29	Shiv Gas	Do.	7160
30	Urmil Gas	Do.	7248
31	Amer Gas	Amer	421
32	Oswal Gas	Chaksu	386

Total number of person on waiting list in Jaipur District as on 30-6-1991 is 92879.

पर्यटन स्थलों का विकास

1058. डा. अबरार अहमद : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस वर्ष देश की यात्रा करने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या कितनी है तथा पिछले तीन वर्षों के दौरान कुल कितने विदेशी पर्यटकों ने भारत की यात्रा की, पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिये सरकार द्वारा क्या-क्या कदम उठाये जा रहे हैं ;

(ख) क्या सरकार पर्यटन स्थलों पर स्थित होटलों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का विचार रखती है ;

(ग) राजस्थान में सवाई माधोपुर स्थित बाघ परियोजना (टाइगर प्रोजैक्ट) को देखने के लिये इस वर्ष कितने विदेशी पर्यटकों ने वहां की यात्रा की; और

(घ) क्या सरकार सवाई माधोपुर के प्राकृतिक सौन्दर्य को देखते हुए मानसरोवर, चंबल नदी भोजेश्वर, शलिश्वर इत्यादि जैसे स्थानों को नये पर्यटक स्थलों के रूप में विकसित करने का विचार रखती है जिससे कि इन स्थानों की ओर अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया): विगत तीन वर्षों और 1991 की पहली छहमाही के दौरान पाकिस्तान और बंगला देश के राष्ट्रिकों

को छोड़कर भारत को यात्रा करने आए विदेशी पर्यटकों की संख्या नीचे दी गई है :—

वर्ष	पर्यटक आगमन
1988	12,39,992
1989	13,37,232
1990	13,29,950
1991 (जनवरी से जून)	5,29,185 (अनंतिम)

सरकार द्वारा उठाए गए कदमों में देश में पर्यटन आधारित संरचना में निरंतर वृद्धि करना और विदेशी मार्किटों में मार्किटिंग प्रयासों को सुदृढ़ करना शामिल है ।

(ख) सरकार ने देश के होटल उद्योग को पहले से ही काफ़ी मात्रा में प्रोत्साहन उपलब्ध करा रखे हैं ।

(ग) राजस्थान राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार वर्ष 1990 के दौरान 5,059 विदेशी पर्यटकों ने सवाई माधोपुर की यात्रा की ।

(घ) पर्यटक स्थानों के विकास की जिम्मेदारी मुख्यतः राज्य सरकार की होती है ।

मध्य प्रदेश में विमान सेवायें

1059. **श्री अजीत जोगी:**
श्रीमती वीणा वर्मा:

क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश राज्य में इंडियन एयरलाइंस द्वारा प्रदान की गयी विमान सेवाओं की संख्या को हाल में कम कर दिया गया है और विशेषकर, ग्वालियर, जबलपुर और बिलासपुर जैसे स्थानों से विमान सेवाओं को पूर्णतः बंद कर दिया गया है ;

(ख) जिन मार्गों पर विमान सेवाओं को बंद कर दिया गया है उन पर इंडियन एयरलाइंस द्वारा कब तक विमान सेवायें शुरू की जायेंगी ; और

(ग) क्या राज्य की राजधानी भोपाल को, राज्य के अन्य महत्वपूर्ण शहरों जैसे, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर, और ग्वालियर के साथ निकट भविष्य में विमान सेवा से जोड़ा जायेगा ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) बिलासपुर इंडियन एयरलाइन्स के नेटवर्क पर कभी नहीं था । जबलपुर बोइंग–737 विमान के उतरने के लिए उपयुक्त नहीं है और इसलिए इंडियन एयरलाइन्स ने 1989 से जबलपुर के लिए परिचालन नहीं किया है । ग्वालियर के लिए सेवाएं जनवरी, 1991 से बन्द कर दी गई थी ।

(ख) इंडियन एयरलाइन्स की अगस्त 1991 में दिल्ली-ग्वालियर-भोपाल-इंदौर–बम्बई मार्ग पर उड़ान को पुनः आरम्भ करने की योजना है ।

(ग) निजी विमान प्रचालकों को मध्य प्रदेश में और अधिक स्थानों को हवाई सेवा से जोड़ने के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा ।

Use of coal in captive power plants of SAIL

1060. SHRI DHULESHWAR MEENA: Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) whether the Steel Authority of India Limited running integrated steel units in the country has clandestinely burnt huge quantities of precious cooking coal in its captive power plants of Durgapur and Bokaro.